## न्यूज ब्रीफ

### BMHRC : रेस्पिरेटरी क्लीनिक शुरू किया

**भोपाल।** सांस के रोगों से जूझ रहे गैस पीड़ितों को अब बीएमएचआरसी की मिनी यूनिट में भी इलाज मिलेगा। इसके लिए यूनिट में रेस्पिरेटरी क्लीनिक शुरू किया गया है। बुधवार को छोला रोड स्थित स्वास्थ्य केंद्र-1 से इसकी शुरुआत हुई। इस क्लिनिक में संस्थान के श्वांस रोग विशेषज्ञ हर बुधवार एक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अस्थमा, सीओपीडी जैसी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को परामर्श देंगे।

### ट्रेन की चपेट में आने से कारपेंटर की मौत

**भोपाल।** निशातपुरा पुलिस ने नई मंडी रेलवे लाइन पर एक कारपेंटर का शव बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, भगवान सिंह (42) पिता रत्न सिंह लोधी विदिशा का रहने वाला था। वह यहां छोला इलाके में किराए से रहता था और कारपेंटर का काम करता था। बुधवार सुबह भगवान घर से काम पर जाने का बोलकर निकला था, लेकिन दोपहर 12 बजे रेलवे ट्रैक पर उसकी लाश मिली। यह साफ नहीं हो सका है कि यह हादसा कैसे हुआ।

### भोपाल-रीवा के बीच नई ट्रेन कल से शुरू होगी

**भोपाल।** रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भोपाल एवं रीवा के बीच नई रेलसेवा संचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 22145- 22146 भोपाल-रीवा-भोपाल सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक ट्रेन का भोपाल से हर शुक्रवार एवं रविवार रात 11 बजे और रीवा से शनिवार एवं सोमवार को रात 10.30 बजे चलेगी। भोपाल स्टेशन से इस ट्रेन का 2 अगस्त को तथा रीवा से 3 अगस्त को इस ट्रेन का शुभारंभ होगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म के केस में 20 साल की सजा

**भोपाल।** मंदिर गई नाबालिग को धमकाकर ले जाने के बाद चार दिन तक बंधक बनाकर गलत काम करने वाले को न्यायालय सुनील दंडोतिया 14वें अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने 20 साल की सजा सुनाई है। अपहरण करने के आरोप में 7 साल की सजा भी दी गई है। संभागीय जनसंपर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि 21 मई 2022 को पीड़िता का आरोपी मनीष यादव ने अपहरण कर लिया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था।

### संदिग्ध हालात में महिला की टॉयलेट में लाश मिली

**भोपाल।** अरेरा कॉलोनी में महिला का शव मिला है। पुलिस मर्ग कायम कर लिया है। हबीबगंज पुलिस ने बताया कि जीना पति प्रेम ओली (26) मूलतः नेपाल की रहने वाली थी और ई-5 अरेरा कॉलोनी में किराए से रहती थी। पति मेहनत मजदूरी करता है। पति प्रेम ने पुलिस को बताया कि जीना बुधवार सुबह टॉयलेट गई थी। 6 बजे देखा तो बाथरूम में पड़ी थी और उसका एक पैर टॉयलेट में फंसा था। पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है, मायके वालों के आने के बाद पीएम कराया जाएगा।

### एनएचएम कर्मचारियों ने पीएम के नाम ज्ञापन दिया

**भोपाल।** एनएचएम संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। संघ प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि एनएचएम में विगत 15 से 20 वर्षों तक सेवाएं दे चुके संविदा सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों को रिक्त पदों पर समायोजन करने की बजाए आउटसोर्स सपोर्ट स्टाफ में शामिल कर दिया गया है। इतना ही नहीं कर्मचारियों के वेतन में भी कटौती कर दी गई है।

## भोपाल स्टेशन का ट्रैफिक डायवर्ट होगा, हटाई जाएंगी दुकानें

# मेट्रो के लिए अल्पना टॉकीज तिराहे से प्लेटफॉर्म-6 तक रास्ता होगा बंद

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9425018933

मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत चल रहे निर्माण के लिए अल्पना टॉकीज तिराहे से भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म- 6 तक का मौजूदा मार्ग बंद किया जाएगा।

इस मार्ग पर बने होटल्स और अन्य अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इसके अलावा प्लेटफॉर्म-6 पर जाने के लिए अल्पना टॉकीज तिराहे से रेलवे माल गोदाम तक एक समानांतर मार्ग रहेगा। इसका काम शुरू कर दिया गया है। दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग भी वहीं शिफ्ट होगी। अन्य प्लेटफॉर्म तक जाने लिए मार्ग परिवर्तित किया गया है। यह व्यवस्था 15 दिन बाद लागू होगी।

इस नई व्यवस्था लागू करने के लिए एसडीएम सिटी एलके खरे ने मेटो रेल परियोजना के अधिकारियों के साथ बुधवार दोपहर को भारत टॉकीज पुल से प्लेटफॉर्म-6 तक का जायजा लिया। उन्होंने अल्पना टॉकीज तिराहे से प्लेटफॉर्म-6 के पास ईरानी डेरे पर बने होटल्स और अन्य दुकानों को हटाने के लिए संचालकों से कहा है। बाद में इनकी बैठक भी बुलाई गई। जिसमें इन लोगों ने दुकानें हटाने के लिए सहमति दे दी है। इनके साथ एक बार फिर बैठक होगी। इधर मार्ग आंशिक परिवर्तन के लिए रेलवे और ट्रैफिक पुलिस ने भी सहमति दे दी है।



एसडीएम सिटी एलके खरे ने मेट्रो रेल परियोजना के अधिकारियों के साथ बुधवार को भोपाल स्टेशन के आसपास जायजा लिया।

### आंशिक परिवर्तित मार्ग

- अल्पना तिराहे से भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म 6 की ओर एवं समानांतर मार्ग से प्लेटफार्म 6 की ओर का मार्ग वन-वे रहेगा।
- प्लेटफॉर्म 4,5 और 6 की ओर जाने वाले मार्ग से पार्सल कार्यालय के मार्ग से आवागमन होगा।
- प्लेटफॉर्म- 1 की ओर जाने वाले भारत टॉकीज ब्रिज का उपयोग कर सकेंगे।

### लंबा चलेगा प्रोजेक्ट का काम, इसलिए बदला मार्ग

मेट्रो प्रोजेक्ट का काम लंबा चलेगा, इसलिए यात्रियों और अन्य लोगों को असुविधा न हो, इसे देखते हुए अल्पना टॉकीज तिराहे से प्लेटफॉर्म 6 और अन्य प्लेटफॉर्म पर आवाजाही के मार्ग में आंशिक परिवर्तन किया जाएगा। ईरानी डेरे के पास से अतिक्रमण और दुकानें हटाई जाएंगी।
**एलके खरे**, एसडीएम (सिटी)

## करोंद तक पहुंचेगी मेट्रो, बनेगा फ्लाईओवर

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697982

करोंद चौराहे पर थ्री टियर ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम डेवलप किया जा रहा है। यहां सबसे ऊपर मेट्रो चलेगी। बीच में दो किमी लंबा फ्लाईओवर (ग्रेड सेपरेटर) होगा और सबसे नीचे सर्विस रोड से ट्रैफिक गुजरेगा। वहीं एयरपोर्ट से रत्नागिरी तिराहे तक सिक्स लेन रोड बनेगी। इसका फायदा चार लाख आबादी को मिलेगा। मेट्रो रूट, फ्लाईओवर और सड़क निर्माण का काम अलग-अलग एजेंसियां चार साल की डेड लाइन में पूरा करेंगी।

यह बात सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को करोंद चौराहे पर मेट्रो स्टेशन साइट का जायजा लेते हुए कही। उनके साथ मेट्रो कंपनी के एमडी सीबी चक्रवर्ती सहित पीडब्ल्यूडी, एनएचओआई, नगर निगम आदि विभागों के अधिकारी थे।

राजधानी में मेट्रो के सेकंड फेज का काम शुरू हो चुका है। करोंद चौराहा (नबीबाग) से डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, भोपाल टॉकीज, हमीदिया रोड से भारत टॉकीज वाया पुल बोगदा से सुभाष नगर तक मेट्रो रूट तैयार किया जाना है। इस रूट पर पिलर्स के लिए सॉइल टेस्टिंग की जा रही है। मेट्रो कंपनी के एमडी ने सारंग को बताया कि ऑरेंज लाइन कॉरिडोर के तहत करोंद चौराहे पर मेट्रो स्टेशन व रूट का काम शुरू हो गया है। लगभग 30 किमी रूट प्रस्तावित है। इसमें ऑरेंज लाइन कॉरिडोर करोंद से एम्स तक 16 किमी की होगी। इसमें 2 भूमिगत स्टेशन (भोपाल जंक्शन एवं नादरा बस स्टैंड) एवं 14 एलेवेटेड स्टेशन होंगे' अब करोंद से मेट्रो की लाइन लगने का काम शुरू हुआ है।

### फंदा के बीईओ का दफ्तर जर्जर, शिफ्ट करने की मांग

**भोपाल।** ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय फंदा की स्थिति को लेकर कर्मचारियों ने डीईओ को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि भवन की हालत जर्जर है और बारिश का पानी भवन में घुस रहा है, जिससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। इसलिए कार्यालय को शिफ्ट किया जाए। गौरतलब है कि फंदा बीईओ कार्यालय के अधीन फंदा विकासखंड के 75 सरकारी और 1100 निजी स्कूल आते हैं।

### भर्ती मामले में आयोग ने लिया संज्ञान

**भोपाल।** राजधानी में नगर निगम द्वारा लीडिंग फायरमैन, फायरमैन समेत दमकल विभाग में अन्य पदों के लिए जो भर्ती निकाली है, उसमें 174 पद दिव्यांगों के लिए भी रखे हैं। भर्ती विज्ञापन के अनुसार दिव्यांगों को फील्ड पोस्टिंग देने की तैयारी है। इस संबंध में फायर एक्सपर्ट का कहना है कि इससे जान का जोखिम है। मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग ने आयुक्त नगर निगम से जांच कराकर 7 दिन के भीतर प्रतिवेदन मांगा है।

## न्यू मिनाल रेसीडेंसी में सूने घरों की रेकी करते राजस्थान के दो चोर गिरफ्तार

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

अयोध्या नगर पुलिस ने राजस्थान से आए दो आरोपियों को न्यू मिनाल रेसीडेंसी इलाके से गिरफ्तार किया है। बदमाश चोरी के इरादे से सूने छह मकानों की रेकी कर ली थी, लेकिन उससे पहले ही उन्हें दबोच लिया गया। आरोपियों से 20 हजार का माल बरामद किया है।

अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि 5 जुलाई को न्यू मिनाल रेसीडेंसी के तीन सूने मकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। मंगलवार को जांच के दौरान दो संदेहियों को घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी रामनिवास बागड़ी और दुर्गा लाल बागड़ी ने बताया कि वह 3 सप्ताह पहले भोपाल आए और न्यू मिनाल रेसीडेंसी स्थित घरों में चोरी की । दोनों राजस्थान के सावर जिला केकड़ी के रहने वाले है। बदमाश अन्य राज्यों में भी चोरियां कर चुके हैं।



भोपाल। पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

**गांव के सुनार को बेचते थे चोरी के गहने :** आरोपी चोरी के गहनों को अपने गांव के पास रमालिया केकड़ी में पन्नालाल सोनी को बेचते थे। पुलिस ने पन्नालाल के घर दबिश दी, लेकिन वह फरार हो गया है।

### निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने फांसी लगाई, मौत

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना इलाके में स्थित संजय नगर में मंगलवार सुबह नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कारणों का पता नहीं चला है।

पुलिस के अनुसार, नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी कृष्ण कुमार (24) यूपी का रहने वाला था और यहां संजय नगर मल्टी में किराए से रहता था। पुलिस ने बताया कि कृष्ण कुमार सुबह 11 बजे तक कमरे से बाहर नहीं आया। इस बीच साथी कर्मचारी ने उसे कॉल किया तो उसने रिसीव नहीं किया। कुछ देर बाद घर पहुंच गया। देर तक दरवाजा नहीं खुला तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो कृष्ण कुमार फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।

## सिर पर ईंट मारकर दोस्त ने की हत्या, लाश को नाले में फेंक कर हुआ फरार

### कोलार इलाके की घटना, पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की तलाश

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

कोलार इलाके में स्थित कान्हाकुंज फेस-2 में मंगलवार देर रात सफाईकर्मी को उसके ही दोस्त ने मौत के घाट उतार दिया। दोनों के बीच शराब पीने के दौरान विवाद हो गया था। विवाद में युवक ने सफाईकर्मी के सिर पर ईंट मार दी। घायल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी वारदात के बाद से फरार है।

पुलिस के अनुसार, संतोष इटेरिया (48) पुत्र गोविंद इटेरिया कान्हाकुंज फेस-2 में रहता था। वह कॉलोनी में सफाई का काम करता था। संतोष के दो बेटे एक बेटी है। दोनों बेटों की शादी हो चुकी है। सोमवार-मंगलवार की रात डेढ़ बजे संतोष पास में रहने वाले अपने भाई के घर जाने का बोलकर निकला, लेकिन अपने दोस्त के साथ बैठकर शराब पीने बैठ गया। जहां शराब पीने के दौरान उसका अपने दोस्त दशरथ से विवाद हो गया था। इस दौरान आरोपी युवक ने उसके सिर पर ईंट मारी दी। संतोष बेसुध होकर गिर गया, इसके बाद आरोपी ने उसे पास ही स्थित नाले में फेंक दिया और फरार हो गया। राहगीरों ने बेसुध पड़े संतोष को नाले से निकाला और जेके अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया।

**हत्या के कारणों का नहीं हो सका खुलासा :** कोलार थाना टीआई आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। बुधवार को शव को पीएम बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। आरोपी थाने का निगरानी गुंडा है, उसके खिलाफ पूर्व में भी कई अपराध दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी की तलाश कर मामले की जांच की जा रही है।




## गायत्री विहार में जॉइंट कलेक्टर सहित अन्य का कब्जा हटाया, थाने में शिकायत

### आवेदन में कहा- कार्रवाई से पहले नहीं दी सूचना

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

बागमुगालिया स्थित गायत्री विहार फेस-1 कॉलोनी में घरों के बाहर किया गया अतिक्रमण नगर निगम अमले ने हटा दिया। यह कार्रवाई 29 जुलाई को सीएम हेल्प लाइन की शिकायत के तहत की गई। लेकिन, विवाद तब बढ़ गया जब रहवासियों ने 30 जुलाई को कार्रवाई को गलत बताते हुए बागसेवनिया थाने में शिकायती आवेदन दे दिया। बिना नोटिस जिन घरों में तोड़फोड़ का आरोप अमले पर लगा है, उनमें भोपाल कलेक्ट्रेट में पदस्थ एक संयुक्त कलेक्टर का घर भी शामिल है।

बता दें कि कार्रवाई नगर निगम के गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के सहायक अतिक्रमण अधिकारी प्रीतेश गर्ग की अगुवाई में की गई। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्प लाइन पर की गई शिकायत में कहा गया था कि लोगों ने घरों के सामने जालियां लगाकर अतिक्रमण किया है, जिसे हटाया गया है। इधर, गायत्री विहार कॉलोनी के रहवासियों ने कार्रवाई के विरोध में बागसेवनिया थाने में आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि निगम ने बिना पूर्व सूचना के तोड़फोड़ कराई है। उनका कहना है कि यह कार्रवाई कॉलोनी में मकान बनवा रहे अभिषेक मेहरा और प्रिंस जैन की शिकायत पर की गई है। इधर अभिषेक का कहना है कि उन्होंने कोई शिकायत नहीं की।

रहवासियों ने आरोप लगाया है कि अमले ने कार्रवाई के दौरान महिलाओं और बच्चों से बदसलूकी की है।

## स्वास्थ्य विभाग का आदेश, हमीदिया अस्पताल में वार्ड फुल हों तो प्रसूताओं को काटजू में शिफ्ट करें

**भोपाल।** अब हमीदिया अस्पताल के गायनिक वार्ड में बेड फुल होने पर प्रसूताओं को अब काटजू में शिफ्ट किया जाएगा।

इस संबंध में विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किए। मालूम हो कि सोमवार को हमीदिया के गायनिक विभाग में बेड फुल हो गए थे। मरीजों की परेशानी देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने नए वार्ड में 25 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की थी। इसकी खबर को पीपुल्स समाचार द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित की गई। इसके बाद विभाग ने बुधवार को आदेश जारी किए। मामले में सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि काटजू में 300 बिस्तरों की व्यवस्था है। इसके अलावा 10 बिस्तरों का आईसीयू भी है। इसलिए परेशानी नहीं आएगी।

### पुरानी बिल्डिंग टूटने के बाद हार्ट के ऑपरेशन हो गए थे कम, अब नई जगह शुरुआत

## हमीदिया के ब्लॉक-1 में सीटीवीएस विभाग तैयार, छह महीने बाद शुरू हुई हार्ट की बाइपास सर्जरी

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9827363130

हमीदिया अस्पताल में करीब छह महीने बाद हार्ट के जटिल ऑपरेशन एक बार फिर शुरू हो गए हैं। बुधवार को 53 साल की भोपाल निवासी शांति देवी के हार्ट का बाइपास सर्जरी की गई।

जानकारी के मुताबिक शांतिदेवी के हार्ट में तीन जगह ब्लॉकेज थे। इनमें से दो ब्लॉकेज 95 फीसदी से ज्यादा, तो एक में करीब 90 फीसदी ब्लॉकेज था। पिछले 3 वर्षों से बार-बार छाती में दर्द की शिकायत थी। हाल ही में ब्रैडिकार्डिया और हार्ट फेलियर के कारण पुनः भर्ती कराया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने शांतिदेवी को कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग के लिए तैयार किया। शांति देवी के तीनों रोगग्रस्त धमनियों में तीन ग्राफ्ट किए गए। ऑपरेशन के बाद महिला को वार्ड में शिफ्ट किया गया है। मरीज की हालत स्थिर है और जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। ऑपरेशन करने वाली टीम में कार्डियक सर्जन डॉ. प्रवीण शर्मा, निश्चेतना विभाग के डॉ. आरपी कौशल के साथ नर्सिंग स्टाफ शामिल था।



हमीदिया में ऑपरेशन करते डॉक्टर।

### ब्लॉक वन में शिफ्ट हुआ सीटीवीएस विभाग

नए ओपीडी ब्लॉक के निर्माण के चलते हमीदिया अस्पताल का पुराना भवन तोड़ा जा रहा है। कई विभागों को नए ब्लॉक में शिफ्ट किया जा रहा है। शिफ्टिंग के चलते सीटीवीएस (कार्डियक थोरेसिक सर्जरी एंड वेस्कुलर) विभाग के पास ऑपरेशन थिएटर की कमी हो गई थी। ऐसे में हार्ट सर्जरी अटक गई थी। अब विभाग को ब्लॉक वन के सेकंड फ्लोर पर शिफ्ट किया गया। यहां 12 बेड के आईसीयू के साथ ही ऑपरेशन थिएटर तैयार किया गया है।

JM FINANCIAL
**जेएम फायनेंशियल एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
कार्पोरेट आइडेंटिफाई नम्बर: U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत ऑफिस : 7वीं मंजिल, सिनर्जी, अप्पासाहेब मराठा मार्ग, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025,
संपर्क व्यक्ति: 1. गौरव श्रीवास्तव-9479942515, 2. विशाल केतेले-9584966653 3. ज्योति सावंत -022-62241676

**ई-नीलामी बिक्री सूचना-आगामी बिक्री**

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने धारा 5(1)(बी) के तहत सभी अधिकारों, शीर्षक और ब्याज के साथ अंतर्निहित सुरक्षा हित के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋण सहित) सौंपा है। जेएमएफएआरसी (जेएम) के पक्ष में 29 मार्च, 2023 ("असाइनमेंट एग्रीमेंट") के एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम") का प्रवर्तन। (यहां असाइनी के रूप में संदर्भित) जेएमएफएआरसी-अरण्या-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। सूचित किया जाता है कि PCHFL को असाइनमेंट/सेवा अनुबंध के माध्यम से सभी परिचालन और प्रक्रिया प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता/संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त किया गया है। उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो भौतिक कब्जे में है, 'जैसा है जहां है के आधार पर', 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो है वह है के आधार पर', जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

| ऋण कोड/शाखा/ ऋणी(यो)/ सह ऋणी (यो)/ जमानतदार(यो) | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अंतिम संपत्ति का पता | आरक्षित मूल्य | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (आरपी का 10%) | कुल बकाया राशि (24-07-2024) |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋण कोड संख्याः 13400000848, सी बी आई भोपाल जंक्शन सिंड (शाखा), अनिल कुमार गनवानी (उधारकर्ता), मुस्कान गनवानी (सह-उधारकर्ता 1) | दिनांकः 22-11-2021 रु. 7,33,110/- (रु. सात लाख तैंतीस हजार एक सौ दस मात्र) | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका विस्तार है:- फ्लैट नंबर एस-1, प्लॉट नंबर 112 महावीर नगर पीएच 1 स्टेशन रोड मंडीदीप रायसेन मध्य प्रदेशः- 464990 सीमाएंः- उत्तरः आकाश के लिए खुला दक्षिणः आकाश के लिए खुला पूर्वः फ्लैट नंबर एस-2 पश्चिमः रोड | रु. 6,80,000/- (रु. छह लाख अस्सी हजार मात्र) | रु. 68,000/- (रु. अड़सठ हजार मात्र) | रु. 11,46,177/- (रु. ग्यारह लाख छियालीस हजार एक सौ सत्तर मात्र) |
| ऋण कोड संख्याः 21000041501, भोपाल - बैंक स्ट्रीट (शाखा), अजाज हुसैन (उधारकर्ता), रुखसाना आर (सह-उधारकर्ता 1) | दिनांकः 24-10-2018 रु. 7,53,042/- (रु. सात लाख तिरपन हजार बयालीस मात्र) | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका विस्तार है:- प्लॉट नंबर 82, रॉयल्स पार्क, नीलबड़, भोपाल, बौरी तहसील हुजूर, भोपाल, भोपाल-462001 सीमाएंः- उत्तरः प्लॉट नंबर 83. दक्षिणः प्लॉट नंबर 81. पूर्वः प्लॉट नंबर 63. पश्चिमः कैम्पस रोड। | रु. 7,30,000/- (रु. सात लाख तीस हजार मात्र) | रु. 73,000/- (रु. तिहत्तर हजार मात्र) | रु. 15,03,167/- (रु. पंद्रह लाख तीन हजार एक सौ सड़सठ मात्र) |
| ऋण कोड संख्याः 13400000754, सी बी आई भोपाल जंक्शन सिंड (शाखा), पुष्पा बरोलिया (उधारकर्ता), राजेश बरोलिया(सह-उधारकर्ता 1) | दिनांकः 16-10-2017 रु. 11,03,495/- (रु. ग्यारह लाख तीन हजार चार सौ पंचानवे मात्र) | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका विस्तार है:- फ्लैट नंबर - एस-1, प्लॉट नंबर 95 द्वितीय तल, जमुना अपार्टमेंट लामाबाखेड़ा, भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश- 462001 सीमाएं इस प्रकार हैं:- उत्तरः फ्लैट नंबर एस-1/96 दक्षिणः प्लॉट नंबर 94 पूर्वः फ्लैट नंबर एस-2/95 पश्चिमः रोड | रु. 8,93,700/- (रु. आठ लाख तिरानबे हजार सात सौ मात्र) | रु. 89,370/- (रु. उनासी हजार तीन सौ सत्तर मात्र) | रु. 15,38,860/- (रु. पंद्रह लाख अड़तीस हजार आठ सौ साठ मात्र) |
| ऋण कोड संख्या 08200001543, जबलपुर (शाखा), दीपक कुमार गुप्ता (उधारकर्ता), दीक्षा गुप्ता (सह-उधारकर्ता 1) | दिनांकः 29-10-2019 रु. 11,73,794/- (रु. ग्यारह लाख तिहत्तर हजार सात सौ चौरानबे मात्र) | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका विस्तार है:- मौजा रठारा, पीएच नं. समन 19, जं. नं. 540 एनए खं. नं. 461/1, वार्ड नं. 15, रीवा खं. नं. 461/1, वार्ड नं. 15, रीवा जे एन सी टी के पास रीवा मध्य प्रदेश क्ठ- 486001 | रु. 7,72,000/- (रु. सात लाख बहत्तर हजार मात्र) | रु. 77,200/- (रु. सतहत्तर हजार दो सौ मात्र) | रु. 24,31,803/- (रु. चौबीस लाख इकतीस हजार आठ सौ तीन मात्र) |

ई-नीलामी दिनांक : 21-08-2024, 11.00 से 1.00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
बोली जमा करने की अंतिम तिथि-20-08-2024, 4 बजे से पहले
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale OR https://www.bankauction.in.

**सरफेसी अधिनियम के तहत उधारकर्ता/गारंटर/बंधक को वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना**

उपरोक्त उल्लिखित ऋणी/गारंटर/एतद्द्वारा धारा 13(2) नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान नीलामी की तिथि से पहले तक अर्जित ब्याज के साथ पूर्ण रूप से करने के लिए देखा जाता है, जिसमें विफल होने पर संपत्ति की नीलामी/बेचा जाएगी और शेष राशि यदि कोई होगी उधारकर्ता/गारंटर से ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा

दिनांक: 01.08.2024
स्थान: म प्र
हस्ते/-(प्राधिकृत अधिकारी)
(अरण्य-ट्रस्ट)